जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

टी.बी.सी. : JNBY–D–GNL

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम संख्या

परीक्षण पुस्तिका

1227769

सामान्य ज्ञान

A

समय : दो घण्टे

पूर्णांक : 100

अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. कृपया ध्यान रखें कि **OMR** उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. किसी धावक को दौड़ने के बाद ऊरु पेशी में ऐंठन और दर्द महसूस होता है। यह निम्नलिखित में से किसके संचयन से होता है?

(a) लैक्टिक अम्ल

(b) CO_2

(c) पाइरुविक अम्ल

(d) एथनॉल

2. किसी धूप वाले दिन एक पौधे से एक पत्ती तोड़ी गई और उसे 2 मिनट के लिए उबलते पानी में रखा गया। उसके बाद उसे उबलते ऐल्कोहॉल में निमज्जित किया गया और आयोडीन घोल से उपचारित किया गया। परीक्षण के पश्चात् पत्ती का अंतिम रंग क्या होगा?

(a) रंगहीन

(b) हरा

(c) नीला

(d) सफेद

3. यदि मानव रुधिर की लाल रुधिर कोशिकाओं (RBCs) को पृथक् किया जाता है और उन्हें सामान्य लवण के घोल (रुधिर का समपरासारी विलयन) में तनूकृत किया जाता है, तो RBCs को क्या होगा?

(a) RBCs फूल जाएँगी

(b) RBCs फूल जाएँगी और फट जाएँगी

(c) RBCs सिकुड़ जाएँगी

(d) RBCs के व्यास में कोई परिवर्तन नहीं होगा

4. यकृत् द्वारा स्रावित पित्त के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) पित्त में लिपिडों के पाचन के लिए एंज़ाइम होते हैं।

(b) पित्त वसाओं के पायसीकरण में सहायक होता है।

(c) पित्त आमाशय से आने वाले खाद्य के अम्लीय pH को उदासीन (neutralize) करता है।

(d) पित्त खाद्य के pH को क्षारीय करता है और अग्न्याशयी एंज़ाइमों की क्रिया को सुगम बनाता है।

5. सामान्य मनुष्य का रक्तदाब 120/80 mmHg होता है। ये 'संख्याएँ' रक्तदाब को दर्शाती हैं

(a) क्रमशः निलय संकुचन और निलय विश्रांति पर

(b) क्रमशः निलय विश्रांति और निलय संकुचन पर

(c) क्रमशः अलिंद संकुचन और अलिंद विश्रांति पर

(d) क्रमशः निलय संकुचन और अलिंद संकुचन पर

6. कोई व्यक्ति किसी खड़ी चट्टान (cliff) के सामने पटाखे जलाता है और विस्फोट के 5 s के बाद उसकी प्रतिध्वनि सुनाई देती है। यदि ध्वनि की चाल 340 m/s है, तो खड़ी चट्टान से व्यक्ति की दूरी कितनी है?

(a) 1700 m

(b) 170 m

(c) 85 m

(d) 850 m

1. A sprinter feels cramps and pain in the thigh muscles after a run. This is due to accumulation of

   (a) lactic acid

   (b) CO_2

   (c) pyruvic acid

   (d) ethanol

2. A leaf was plucked from a plant on a sunny day and kept for 2 minutes in boiling water. It was subsequently immersed in boiling alcohol and treated with iodine solution. What will be the final colour of the leaf after the test?

   (a) Colourless

   (b) Green

   (c) Blue

   (d) White

3. If the red blood cells (RBCs) of human blood are isolated and are diluted in normal saline (an isotonic solution to blood), what will happen to the RBCs?

   (a) The RBCs will swell

   (b) The RBCs will swell and burst

   (c) The RBCs will shrink

   (d) No change in the diameters of the RBCs

4. Which one of the following statements regarding bile secreted by liver is ***not*** correct?

   (a) Bile contains enzymes for digestion of lipids.

   (b) Bile facilitates emulsification of fats.

   (c) Bile neutralizes the acidic pH of the food coming from stomach.

   (d) Bile makes the pH of the food alkaline and facilitates action of pancreatic enzymes.

5. The blood pressure of a normal human being is found to be 120/80 mmHg. These 'numbers' represent the blood pressure at

   (a) ventricular contraction and ventricular relaxation, respectively

   (b) ventricular relaxation and ventricular contraction, respectively

   (c) auricular contraction and auricular relaxation, respectively

   (d) ventricular contraction and auricular contraction, respectively

6. A person burned a firecracker in front of a cliff and heard its echo 5 s after it burst. The distance of the cliff from the person, if the speed of the sound is 340 m/s, is close to

   (a) 1700 m

   (b) 170 m

   (c) 85 m

   (d) 850 m

7. माइक्रोफोन और मोबाइल फोन के स्पीकर के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. माइक्रोफोन, ध्वनि को यांत्रिक संकेत (signal) में परिवर्तित करता है।
2. माइक्रोफोन, ध्वनि को वैद्युत संकेत में परिवर्तित करता है।
3. स्पीकर, यांत्रिक संकेत को ध्वनि में परिवर्तित करता है।
4. स्पीकर, वैद्युत संकेत को ध्वनि में परिवर्तित करता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) 1 और 3

(b) 1 और 4

(c) 2 और 3

(d) 2 और 4

8. 100 W के एक विद्युत् बल्ब को दिन में 10 घंटे प्रयोग में लाया जाता है। बल्ब द्वारा 3 दिनों में कितनी यूनिट वैद्युत ऊर्जा की खपत की जाएगी? (1 यूनिट = 1 kWh)

(a) 3·00

(b) 1·08

(c) 2·16

(d) 0·33

9. एकसमान त्वरण के साथ सीधी रेखा में गति करने वाले किसी कण के लिए वेग-समय ग्राफ के अंतर्गत क्षेत्र क्या निरूपित करता है?

(a) उसका औसत वेग

(b) उसका निवल विस्थापन

(c) उसके द्वारा तय की गई दूरी

(d) उसकी औसत चाल

10. 10 cm फोकस दूरी वाले लेन्स की क्षमता कितनी है?

(a) 0·1 डाइऑप्टर

(b) 1 डाइऑप्टर

(c) 10 डाइऑप्टर

(d) 100 डाइऑप्टर

11. वायु में मैग्नीशियम रिबन के जलने से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. MgO का श्वेत चूर्ण बनता है।
2. यह दहन अभिक्रिया का एक उदाहरण है।
3. ऊष्मा और प्रकाश उत्पन्न होता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

12. नीचे दी गई अभिक्रिया के संबंध में कौन-से कथन सही हैं?

$$CaO(s) + H_2O(l) \rightarrow Ca(OH)_2(aq) + \text{ऊष्मा}$$

1. बिना बुझे चूने का प्रयोग दीवारों की पुताई के लिए किया जाता है।
2. बुझे चूने के घोल का प्रयोग दीवारों की पुताई के लिए किया जाता है।
3. दीवारों पर $CaCO_3$ की पतली परत बनाने के लिए CaO वायु में विद्यमान CO_2 के साथ मंद गति से अभिक्रिया करता है।
4. 'बुझा चूना' नाम से ज्ञात कैल्सियम हाइड्रॉक्साइड एक अकार्बनिक यौगिक है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 4

(b) 2 और 4

(c) 2 और 3

(d) 1, 3 और 4

7. Consider the following statements about the microphone and the speaker of a mobile phone :

1. The microphone converts sound to a mechanical signal.
2. The microphone converts sound to an electrical signal.
3. The speaker converts a mechanical signal to sound.
4. The speaker converts an electrical signal to sound.

Which of the statements given above are correct?

(a) 1 and 3
(b) 1 and 4
(c) 2 and 3
(d) 2 and 4

8. A 100 W electric bulb is used for 10 hours a day. How many units of electrical energy are consumed by the bulb in 3 days? (1 unit = 1 kWh)

(a) 3·00
(b) 1·08
(c) 2·16
(d) 0·33

9. The area under the velocity-time graph for a particle moving in a straight line with uniform acceleration gives

(a) its average velocity
(b) its net displacement
(c) the distance travelled by it
(d) its average speed

10. The power of a lens of focal length 10 cm is

(a) 0·1 dioptre
(b) 1 dioptre
(c) 10 dioptre
(d) 100 dioptre

11. Consider the following statements regarding burning of magnesium ribbon in air :

1. White powder of MgO is formed.
2. It is an example of combustion reaction.
3. Heat and light are produced.

Which of the statements given above are correct?

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

12. Which of the following statements with regard to the reaction given below are correct?

$$CaO(s) + H_2O(l) \rightarrow Ca(OH)_2\,(aq) + Heat$$

1. Quicklime is used for white-washing of walls.
2. The solution of slaked lime is used for whitewashing of walls.
3. CaO reacts slowly with CO_2 in air to form a thin layer of $CaCO_3$ on walls.
4. Calcium hydroxide called 'slaked lime' is an inorganic compound.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 4 only
(b) 2 and 4
(c) 2 and 3
(d) 1, 3 and 4

13. ज्वाला पर लेड नाइट्रेट चूर्ण के तापन (heating) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. NO का भूरा धूम (fume) निकलता है।
2. रंगहीन O_2 गैस निकलती है।
3. यह ऑक्सीकरण अभिक्रिया का एक उदाहरण है।
4. यह NO_2 गैस के उत्पादन के लिए प्रयुक्त ऊष्मा अपघटन (thermal decomposition) का एक उदाहरण है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1 और 2

(b) 2, 3 और 4

(c) 1, 3 और 4

(d) केवल 2 और 4

14. निम्नलिखित में से कौन-सी ऑक्सीकरण अभिक्रिया **नहीं** है?

(a) लोहे पर जंग लगना

(b) सोडा बोतल खोलना

(c) विकृतगंधिता (Rancidity)

(d) दहन

15. भारत के एक राज्य के बारे में, निम्नलिखित संकेतों (clues) पर विचार कीजिए :

1. इसे 'लाल नदी और नीली पहाड़ियों वाली भूमि' के रूप में जाना जाता है।
2. इसमें भारत के छः में से तीन भू-आकृतिक प्रभाग (division) हैं।
3. यह देश के कुल क्षेत्रफल के लगभग 2·39 प्रतिशत में फैला हुआ है।

दिए गए संकेतों के आधार पर राज्य की पहचान कीजिए।

(a) कर्नाटक

(b) आंध्र प्रदेश

(c) असम

(d) छत्तीसगढ़

16. निम्नलिखित में से किस राज्य-समूह की सीमाएँ तेलंगाना से लगती हैं?

(a) ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र

(b) छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश

(c) ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश

(d) छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र

17. रानी ने अपने मित्रों को बताया कि उसने पिछले वर्ष चार विभिन्न झीलों, नामतः, लोकटक, बारापानी, कोलेरू और पुलिकट में नौका विहार किया। उसने निम्नलिखित में से किन राज्यों में भ्रमण किया?

(a) मणिपुर, मेघालय, केरल, तमिलनाडु

(b) मणिपुर, मेघालय, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु

(c) मिज़ोरम, असम, केरल, तमिलनाडु

(d) मिज़ोरम, असम, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु

13. Which of the following statements with regard to heating of lead nitrate powder over a flame are correct?

1. Brown fumes of NO are released.
2. Colourless O_2 gas is released.
3. It is an example of oxidation reaction.
4. It is an example of thermal decomposition used for the production of NO_2 gas.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2

(b) 2, 3 and 4

(c) 1, 3 and 4

(d) 2 and 4 only

14. Which one of the following is ***not*** an oxidation reaction?

(a) Rusting of iron

(b) Opening of soda bottle

(c) Rancidity

(d) Combustion

15. Consider the following clues about a State of India :

1. It is known as 'land of red river and blue hills'.
2. It contains three of the six physiographic divisions of India.
3. It covers about 2·39 percent of total areas of the country.

Identify the State on the basis of the given clues.

(a) Karnataka

(b) Andhra Pradesh

(c) Assam

(d) Chhattisgarh

16. Which of the following sets of States shares boundary with Telangana?

(a) Odisha, Andhra Pradesh, Karnataka, Maharashtra

(b) Chhattisgarh, Andhra Pradesh, Karnataka, Madhya Pradesh

(c) Odisha, Andhra Pradesh, Karnataka, Madhya Pradesh

(d) Chhattisgarh, Andhra Pradesh, Karnataka, Maharashtra

17. Rani told her friends that last year she did boating in four different lakes, namely, Loktak, Barapani, Kolleru and Pulicat. Which of the following States did she visit?

(a) Manipur, Meghalaya, Kerala, Tamil Nadu

(b) Manipur, Meghalaya, Andhra Pradesh, Tamil Nadu

(c) Mizoram, Assam, Kerala, Tamil Nadu

(d) Mizoram, Assam, Andhra Pradesh, Tamil Nadu

18. 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. ऐसा व्यक्ति, जो केवल पढ़ सकता है किन्तु लिख नहीं सकता, वह साक्षर नहीं है।
2. सात वर्ष और उससे अधिक की आयु के व्यक्ति, जो किसी भी भाषा की समझ रखते हुए पढ़ और लिख दोनों सकता है, को साक्षर माना जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

19. भारत के क्रमशः कितने तटीय और स्थलबद्ध राज्यों में से होकर कर्क-रेखा गुजरती है?

(a) 1 और 7

(b) 2 और 6

(c) 2 और 5

(d) 3 और 5

20. निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति मुद्रास्फीति की ओर ले जा सकती है?

(a) समग्र माँग की तीव्र वृद्धि, आपूर्ति से अधिक होना

(b) समग्र माँग में धीमी वृद्धि

(c) मुद्रा-पूर्ति में कमी

(d) बेरोजगारी का उच्चतर स्तर

21. निम्नलिखित में से कौन-सी नीतियाँ असंदिग्ध रूप से ब्याज दर बढ़ाने में सहायता करती हैं और जिसके फलस्वरूप मुद्रा अधिमूल्यन (appreciation of currency) होता है?

(a) विस्तारकारी राजकोषीय और मौद्रिक नीति

(b) संकुचनकारी राजकोषीय और मौद्रिक नीति

(c) संकुचनकारी राजकोषीय नीति और विस्तारकारी मौद्रिक नीति

(d) संकुचनकारी मौद्रिक नीति और विस्तारकारी राजकोषीय नीति

22. सरकार द्वारा व्यय में कमी के कारण निजी निवेश व्यय में संकुचन को क्या कहते हैं?

(a) (निजी निवेश का) बहिर्गमन (Crowding out)

(b) (निजी निवेश का) अंतर्गमन (Crowding in)

(c) निवेश बढ़ाना (Pump priming)

(d) डंपिंग (Dumping)

23. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से, नीति आयोग का/के उद्देश्य है/हैं?

1. राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों पर नीतियाँ लागू करना
2. राष्ट्रीय और राज्य स्तरों पर निधियों का आबंटन
3. कार्यनीतियाँ एवं दीर्घावधि नीतियाँ और कार्यक्रम ढाँचे डिजाइन करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 3

18. According to the Census 2011, which of the following statements is/are correct?

1. A person who can only read but cannot write, is not literate.
2. A person aged seven years and above, who can both read and write with understanding in any language is treated as literate.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

19. The Tropic of Cancer passes through how many coastal and landlocked States of India, respectively?

(a) 1 and 7

(b) 2 and 6

(c) 2 and 5

(d) 3 and 5

20. Which one of the following situations can lead to inflation?

(a) Rapid growth of aggregate demand outweighing supply

(b) Sluggish growth of aggregate demand

(c) Reduction in the money supply

(d) Higher levels of unemployment

21. Which of the following policies help to raise interest rate unambiguously and thereby lead to appreciation of currency?

(a) Expansionary fiscal and monetary policy

(b) Contractionary fiscal and monetary policy

(c) Contractionary fiscal policy and expansionary monetary policy

(d) Contractionary monetary policy and expansionary fiscal policy

22. The contraction of private investment spending due to deficit spending by the Government is called

(a) crowding out

(b) crowding in

(c) pump priming

(d) dumping

23. Which among the following is/are the objective/objectives of the NITI Aayog?

1. Imposing policies on the States/UTs
2. Allocation of funds at National and State levels
3. Design strategies and long-term policies and programme frame-works

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 3 only

24. मिश्रित संदर्भ अवधि के आधार पर मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (MPCE) के संदर्भ में गरीबी के परिकलन की सिफारिश किसके द्वारा की गई थी?

(a) लकड़ावाला समिति

(b) तेंदुलकर समिति

(c) दांडेकर समिति

(d) अलघ समिति

25. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से, राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन (NSDM) का/के उप-उद्देश्य है/हैं?

1. संस्थागत प्रशिक्षण
2. समुद्रपारीय रोजगार
3. सार्वजनिक आधारिक संरचना का लाभ उठाना (leveraging)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 2 और 3

26. POSHAN अभियान को कार्यान्वित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी कार्यनीति/कार्यनीतियाँ अपनाई गई है/हैं?

1. बेहतर सेवा सुपुर्दगी के लिए अंतर-क्षेत्रीय सम्मिलन (inter-sectoral convergence)
2. महिलाओं और बच्चों की वास्तविक समय (real time) में वृद्धि को मॉनीटर करने के लिए प्रौद्योगिकी (ICT) का प्रयोग

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

27. भारत में उत्प्रेषण-लेख (writ of certiorari) जारी करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शर्त/शर्तें अनिवार्य है/हैं?

1. ऐसा अधिकरण या ऐसा अधिकारी होना चाहिए जिसके पास प्रजाजनों के अधिकार को प्रभावित करने वाले प्रश्नों का निर्धारण करने का विधिक प्राधिकार हो और न्यायिक रूप से कार्य करने का कर्तव्य हो।
2. ऐसे अधिकरण या अधिकारी ने अधिकारिता के बिना कार्य किया है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

28. इनमें से भारत के किस मुख्य न्यायमूर्ति ने 'सामाजिक न्यायपीठ' नाम से विशेष न्यायपीठ का गठन करने का आदेश दिया था?

(a) न्यायमूर्ति एच० एल० दत्तू

(b) न्यायमूर्ति के० जी० बालाकृष्णन

(c) न्यायमूर्ति आर० एम० लोधा

(d) न्यायमूर्ति वाई० के० सभरवाल

29. इनमें से *बन्दी जीवन* पुस्तक का लेखक कौन है?

(a) रास बिहारी बोस

(b) वीर सावरकर

(c) अरुणा आसफ़ अली

(d) शचीन्द्रनाथ सान्याल

24. The computation of poverty in terms of Monthly Per Capita Consumption Expenditure (MPCE) based on the Mixed Reference Period was recommended by the

(a) Lakdawala Committee

(b) Tendulkar Committee

(c) Dandekar Committee

(d) Alagh Committee

25. Which of the following is/are the sub-mission/sub-missions of the National Skill Development Mission (NSDM)?

1. Institutional training
2. Overseas employment
3. Leveraging of public infrastructure

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 2 and 3 only

26. Which of the following strategies is/are adopted for implementing the POSHAN Abhiyaan?

1. Inter-sectoral convergence for better service delivery
2. Use of technology (ICT) for real-time growth monitoring of women and children

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

27. Which of the following conditions is/are necessary for the issue of a writ of certiorari in India?

1. There should be a tribunal or an officer having legal authority to determine questions affecting rights of subjects and having a duty to act judicially.
2. Such tribunal or officer has acted without jurisdiction.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

28. Who among the following Chief Justices of India ordered the constitution of a Special Bench called 'Social Justice Bench'?

(a) Justice H. L. Dattu

(b) Justice K. G. Balakrishnan

(c) Justice R. M. Lodha

(d) Justice Y. K. Sabharwal

29. Who among the following is the author of the book, *Bandi Jivan*?

(a) Rash Behari Bose

(b) Veer Savarkar

(c) Aruna Asaf Ali

(d) Sachindranath Sanyal

30. 1937 में हुए चुनाव में, भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस निम्नलिखित में से कौन-से दो प्रांतों में एकल सबसे बड़ी पार्टी (single largest party) के रूप में सामने **नहीं** आई थी?

(a) पंजाब और सिंध

(b) असम और पश्चिमोत्तर सीमा प्रांत

(c) पंजाब और असम

(d) असम और मद्रास

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन करने के बाद सुभाष चंद्र बोस ने

1. जापानी कैंप में रह रहे भारतीय युद्ध बंदियों में से बड़ी संख्या में सैनिकों की भर्ती की
2. झाँसी की रानी के नाम से एक महिला टुकड़ी बनाई

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

32. 'भक्ति' के विभिन्न रूपों को दर्शाने वाले निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?

(a) सगुण : ईश्वर के साकार रूप में आस्था

(b) निर्गुण : ईश्वर के निराकार रूप में आस्था

(c) आलवार : शक्ति की उपासना में आस्था

(d) नयनार : शिव की उपासना में आस्था

33. गुलबर्गा और विजयनगर हम्पी के मध्य भू-भाग में निम्नलिखित में से कौन-सी दो नदियाँ बहती हैं?

(a) नर्मदा और गोदावरी

(b) महानदी और गोदावरी

(c) कावेरी और पेरियार

(d) कृष्णा और तुंगभद्रा

34. निम्नलिखित में से दोहरी नियंत्रण संरचना (dual control structure) वाला एकमात्र अर्धसैनिक बल कौन-सा है?

(a) केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल

(b) असम राइफल्स

(c) भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

(d) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

35. निम्नलिखित में से असम का नृजातीय समुदाय (ethnic community) कौन-सा है?

(a) भील

(b) गोंड

(c) अहोम

(d) आदि

36. निम्नलिखित में से किस देश की क्रिकेट टीम का नाम शेवरॉन्स (Chevrons) है?

(a) ऑस्ट्रेलिया

(b) द नीदरलैंड्स

(c) आयरलैंड

(d) जिम्बाब्वे

30. In the election held in 1937, in which two provinces was the Indian National Congress ***not*** able to emerge as the single largest party?

(a) Punjab and Sind

(b) Assam and North-West Frontier Province

(c) Punjab and Assam

(d) Assam and Madras

31. Consider the following statements :

After forming the Indian National Army, Subhas Chandra Bose

1. recruited a large number of soldiers from the Indian Prisoners of War in Japanese camp
2. introduced a women's detachment named after the Rani of Jhansi

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

32. Which one of the following pairs denoting various forms of 'Bhakti' is ***not*** correctly matched?

(a) Saguna : Belief in Gods with attributes

(b) Nirguna : Belief in Gods without attributes

(c) Alvars : Believed in devotion of Shakti

(d) Nayanars : Believed in devotion of Shiva

33. Which two rivers flow in the region between Gulbarga and Vijayanagara Hampi?

(a) Narmada and Godavari

(b) Mahanadi and Godavari

(c) Kaveri and Periyar

(d) Krishna and Tungabhadra

34. Which of the following is the only paramilitary force with a dual control structure?

(a) Central Reserve Police Force

(b) Assam Rifles

(c) Indo-Tibetan Border Police

(d) Central Industrial Security Force

35. Which one of the following is an ethnic community of Assam?

(a) Bhil

(b) Gond

(c) Ahom

(d) Adi

36. The Chevrons is the name of the cricket team of which one of the following countries?

(a) Australia

(b) The Netherlands

(c) Ireland

(d) Zimbabwe

37. नामीबिया से लाए गए चीतों को भारत के निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा गया?

(a) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान

(b) केवलादेव घाना राष्ट्रीय उद्यान

(c) केयबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान

(d) कूनो राष्ट्रीय उद्यान

38. इनमें से कौन, वर्ष 2022 में भौतिक विज्ञान में नोबेल पुरस्कार का प्राप्तकर्ता **नहीं** है?

(a) एलेन एस्पेक्ट

(b) जॉन एफ० क्लॉजर

(c) क्लाउस हैसलमैन

(d) एंटोन जिलिंगर

39. शीघ्र और दक्ष अनुक्रिया के लिए प्राणियों में प्रतिवर्त चाप (reflex arc) विकसित होते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम, प्रतिवर्त चाप को सटीक रूप से निरूपित करता है?

(a) ग्राही — संवेदी न्यूरॉन — मेरुरज्जु में रिले न्यूरॉन — मस्तिष्क — प्रेरक न्यूरॉन — कार्यकर

(b) ग्राही — संवेदी न्यूरॉन — मस्तिष्क — मेरुरज्जु में रिले न्यूरॉन — प्रेरक न्यूरॉन — कार्यकर

(c) ग्राही — प्रेरक न्यूरॉन — मेरुरज्जु में रिले न्यूरॉन — संवेदी न्यूरॉन — कार्यकर

(d) ग्राही — प्रेरक न्यूरॉन — मस्तिष्क — संवेदी न्यूरॉन — कार्यकर

40. थाइरॉक्सिन बनाने हेतु थाइरॉइड ग्रंथि के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अनिवार्य है?

(a) NaCl

(b) KCl

(c) कोलेस्टेरॉल

(d) आयोडीन

41. वनस्पति कोशिकाओं में RNA कहाँ विद्यमान होता है?

(a) केवल कोशिकाद्रव्य

(b) केवल केन्द्रक और कोशिकाद्रव्य

(c) केन्द्रक, कोशिकाद्रव्य, सूत्रकणिका, हरितलवक और अंतर्द्रव्यी जालिका

(d) केन्द्रक, कोशिकाद्रव्य, सूत्रकणिका, हरितलवक और राइबोसोम

42. घास में, अंतर्वेशी विभज्योतक (intercalary meristem) सामान्यतः कहाँ पर स्थित होता है?

(a) मूलाग्र

(b) तने के पार्श्व

(c) पर्णमूल

(d) प्ररोह-अग्र

43. पौधों में जल के ऊर्ध्वमुखी चालन के लिए जाइलम एक प्रकार का सम्मिश्र ऊतक होता है। निम्नलिखित में से कौन-सा जाइलम ऊतक जीवित कोशिकाओं से बना होता है?

(a) वाहिनिका (Tracheid)

(b) वाहिका (Vessel)

(c) जाइलम मृदूतक (Xylem parenchyma)

(d) जाइलम फाइबर (Xylem fibre)

37. Cheetahs, brought from Namibia, were introduced in India to which one of the following National Parks?

(a) Kaziranga National Park

(b) Keoladeo Ghana National Park

(c) Keibul Lamjao National Park

(d) Kuno National Park

38. Who among the following is ***not*** a recipient of the Nobel Prize in Physics in 2022?

(a) Alain Aspect

(b) John F. Clauser

(c) Klaus Hasselmann

(d) Anton Zeilinger

39. Reflex arcs are evolved in animals for quick and efficient responses. Which one of the following sequences correctly represents a reflex arc?

(a) Receptor—Sensory neuron—Relay neuron in spinal cord—Brain—Motor neuron—Effector

(b) Receptor—Sensory neuron—Brain—Relay neuron in spinal cord—Motor neuron—Effector

(c) Receptor—Motor neuron—Relay neuron in spinal cord—Sensory neuron—Effector

(d) Receptor—Motor neuron—Brain—Sensory neuron—Effector

40. Which one of the following is essential for thyroid gland to make thyroxin?

(a) NaCl

(b) KCl

(c) Cholesterol

(d) Iodine

41. In plant cells, RNA is present in

(a) cytoplasm only

(b) nuclei and cytoplasm only

(c) nuclei, cytoplasm, mitochondria, chloroplast and endoplasmic reticulum

(d) nuclei, cytoplasm, mitochondria, chloroplast and ribosomes

42. In grasses, intercalary meristem is usually located at

(a) root tip

(b) lateral sides of stem

(c) base of leaves

(d) shoot tip

43. Xylem is a type of complex tissue in plants for upward conduction of water. Which one of the following xylem tissues consists of living cells?

(a) Tracheid

(b) Vessel

(c) Xylem parenchyma

(d) Xylem fibre

44. 11 Ω, 22 Ω और 33 Ω प्रतिरोध वाले तीन प्रतिरोधक पार्श्व संयोजित हैं। इनका तुल्य प्रतिरोध किसके बराबर है?

(a) 66 Ω

(b) 22 Ω

(c) 12 Ω

(d) 6 Ω

45. भारतीय घरेलू विद्युत्-आपूर्ति में लाल विद्युन्मय तार (red live wire) और काले उदासीन तार (black neutral wire) के बीच r.m.s. विभवांतर (potential difference) कितना होता है?

(a) 160 V

(b) 220 V

(c) 300 V

(d) 410 V

46. हाइड्रोजन बम और यूरेनियम बम क्रमशः किस पर आधारित होते हैं?

(a) नाभिकीय संलयन और विखंडन

(b) विखंडन और तापनाभिकीय संलयन

(c) भूतापीय विखंडन और संलयन

(d) भूतापीय संलयन और विखंडन

47. ध्वनि और प्रकाश तरंगें

(a) वायु में क्रमशः अनुदैर्घ्य और अनुप्रस्थ होती हैं

(b) वायु में क्रमशः अनुप्रस्थ और अनुदैर्घ्य होती हैं

(c) वायु में दोनों अनुदैर्घ्य होती हैं

(d) वायु में दोनों अनुप्रस्थ होती हैं

48. 12 m/s की चाल से गति कर रही एक कार के ब्रेक लगाने पर उसकी चाल में 6 m/s^2 का मंदन होता है। ब्रेक लगाने के बाद कार रुकने के लिए 2 s का समय लेती है। ब्रेक लगाने के बाद कार द्वारा तय की गई दूरी कितनी है?

(a) 12 m

(b) 24 m

(c) 36 m

(d) 48 m

49. सोडा-अम्लीय प्रकार के अग्निशामक का रासायनिक संघटन क्या है?

(a) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट और सल्फ्यूरिक अम्ल का घोल

(b) सोडियम कार्बोनेट और सल्फ्यूरिक अम्ल का घोल

(c) कार्बन डाइऑक्साइड और सल्फ्यूरिक अम्ल का घोल

(d) सोडियम क्लोराइड और सल्फ्यूरिक अम्ल का घोल

50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

सांद्रित नाइट्रिक अम्ल के घोल को तनूकृत करते समय

1. $[H_3O^+]$ आयनों के सांद्रण/मात्रा (volume) में वृद्धि होती है
2. सांद्रित अम्ल में जल धीरे-धीरे मिलाना चाहिए
3. जल में अम्ल धीरे-धीरे मिलाना चाहिए

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3

(d) केवल 2 और 3

44. Three resistors of resistances 11 Ω, 22 Ω and 33 Ω are connected in parallel. Their equivalent resistance is equal to

(a) 66 Ω

(b) 22 Ω

(c) 12 Ω

(d) 6 Ω

45. The r.m.s. potential difference between the red live wire and black neutral wire in Indian domestic electric supply is

(a) 160 V

(b) 220 V

(c) 300 V

(d) 410 V

46. The hydrogen bomb and the uranium bomb are based, respectively on

(a) nuclear fusion and fission

(b) fission and thermonuclear fusion

(c) geothermal fission and fusion

(d) geothermal fusion and fission

47. Sound and light waves are

(a) respectively longitudinal and transverse in air

(b) respectively transverse and longitudinal in air

(c) both longitudinal in air

(d) both transverse in air

48. A car moving with a speed of 12 m/s is subjected to brakes which produces a deceleration of 6 m/s^2. The car takes 2 s to stop after the application of brakes. What is the distance covered by the car after the application of brakes?

(a) 12 m

(b) 24 m

(c) 36 m

(d) 48 m

49. What is the chemical composition of a soda-acid type fire extinguisher?

(a) Solution of sodium hydrogen carbonate and sulfuric acid

(b) Solution of sodium carbonate and sulfuric acid

(c) Solution of carbon dioxide and sulfuric acid

(d) Solution of sodium chloride and sulfuric acid

50. Consider the following statements :

While diluting concentrated nitric acid solution

1. the concentration of $[H_3O^+]$ ions/ volume increases
2. water must be added slowly to concentrated acid
3. acid must be added slowly to water

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 3 only

(d) 2 and 3 only

51. दिए गए पदार्थों के लिए pH का सही क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) कॉफी < नींबू का रस < मिल्क ऑफ मैग्नीशिया < रक्त

(b) मिल्क ऑफ मैग्नीशिया < रक्त < कॉफी < नींबू का रस

(c) नींबू का रस < रक्त < कॉफी < मिल्क ऑफ मैग्नीशिया

(d) नींबू का रस < कॉफी < रक्त < मिल्क ऑफ मैग्नीशिया

52. ऐनोडीकरण प्रक्रिया के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सही **नहीं** है?

(a) यह ऐलुमिनियम को संक्षारण प्रतिरोधी बनाता है।

(b) ऐलुमिनियम, टाइटेनियम और मैग्नीशियम जैसी धातुओं को ऐनोडीकृत किया जा सकता है।

(c) स्वच्छ ऐलुमिनियम पदार्थ ऐनोड है और ऑक्सीजन गैस कैथोड पर उत्पन्न होती है।

(d) यह वायुयान उद्योग में प्रयुक्त होता है।

53. नैफ्थलीन पीत कज्जली ज्वाला (yellow sooty flame) के साथ जलता है। इसका कारण है

(a) कार्बन से हाइड्रोजन का अनुपात कम होता है

(b) अपूर्ण दहन होता है

(c) वायु की अत्यधिक आपूर्ति होती है

(d) नाइट्रोजन और सल्फर की अशुद्धता विद्यमान होती है

54. Fe_2O_3 की ऐलुमिनियम के साथ अभिक्रिया के लिए निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. यह 'थर्माइट अभिक्रिया' के रूप में ज्ञात है।
2. उत्पन्न ऊष्मा का प्रयोग वेल्डिंग-प्रयोजन के लिए किया जाता है।
3. ऐलुमिनियम धातु ऑक्सीकरण कर्मक के रूप में कार्य करती है।
4. अभिक्रिया की समाप्ति पर गलित Fe और Al बनते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1 और 2

(b) 1 और 3

(c) 2 और 4

(d) 1 और 4

55. विक्की ने अपने मित्रों को स्टीवर्ट द्वीप (Stewart Island), बे ऑफ प्लेंटी (Bay of Plenty) और हॉक बे (Hawke Bay) के भ्रमण के बारे में बताया। विक्की ने किस देश का भ्रमण किया?

(a) कनाडा

(b) ऑस्ट्रेलिया

(c) न्यूज़ीलैंड

(d) आयरलैंड

51. Which one of the following is the correct order of pH for the given substances?

(a) Coffee < Lemon juice < Milk of magnesia < Blood

(b) Milk of magnesia < Blood < Coffee < Lemon juice

(c) Lemon juice < Blood < Coffee < Milk of magnesia

(d) Lemon juice < Coffee < Blood < Milk of magnesia

52. Which one of the following is ***not*** true for anodizing process?

(a) It makes aluminium corrosion resistant.

(b) Metals like aluminium, titanium and magnesium can be anodized.

(c) Clean aluminium article is the anode and oxygen gas is evolved at the cathode.

(d) It is used in aircraft industry.

53. Naphthalene burns with a yellow sooty flame. This is because

(a) carbon to hydrogen ratio is low

(b) there is incomplete combustion

(c) there is excess supply of air

(d) of presence of impurities of nitrogen and sulfur

54. Which of the following statements are true for the reaction of Fe_2O_3 with aluminium?

1. It is known as the 'thermite reaction'.
2. The heat evolved is used for welding purpose.
3. Aluminium metal acts as an oxidizing agent.
4. Molten Fe and Al are formed at the end of the reaction.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2

(b) 1 and 3

(c) 2 and 4

(d) 1 and 4

55. Vicky told his friends about his visit to Stewart Island, Bay of Plenty and Hawke Bay. Which country did Vicky visit?

(a) Canada

(b) Australia

(c) New Zealand

(d) Ireland

56. मानव दिल्ली में सभी यूनेस्को विश्व विरासत स्थलों का भ्रमण करने की योजना बना रहा है। वह भ्रमण करेगा

(a) लाल किला, कुतुब मीनार, जामा मस्जिद

(b) लाल किला, इंडिया गेट, कुतुब मीनार

(c) लाल किला, कुतुब मीनार, हुमायूँ का मकबरा

(d) लाल किला, हुमायूँ का मकबरा, इंडिया गेट

57. यदि कोई पश्चिम से पूर्व की ओर जाता है, तो गंगा नदी के तट पर स्थित शहरों का सही क्रम क्या होगा?

(a) प्रयागराज, कानपुर, भागलपुर, पटना

(b) प्रयागराज, कानपुर, पटना, भागलपुर

(c) कानपुर, प्रयागराज, भागलपुर, पटना

(d) कानपुर, प्रयागराज, पटना, भागलपुर

58. निम्नलिखित में से किस राज्य का उत्तर–दक्षिण दिशा में सर्वाधिक विस्तार है?

(a) झारखंड

(b) तेलंगाना

(c) ओडिशा

(d) छत्तीसगढ़

59. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची–I (दिवस)	**सूची–II (तारीख)**
A. विश्व आर्द्रभूमि दिवस	1. 29 जुलाई
B. अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस	2. 22 अप्रैल
C. विश्व जल दिवस	3. 2 फरवरी
D. अंतर्राष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस	4. 22 मार्च

कूट :

(a)	A	B	C	D
	3	4	1	2
(b)	A	B	C	D
	3	1	4	2
(c)	A	B	C	D
	2	1	4	3
(d)	A	B	C	D
	2	4	1	3

60. शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020–2021 के लिए प्रकाशित प्रदर्शन श्रेणीकरण सूचकांक (PGI) में, निम्नलिखित में से किस राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र का स्थान शीर्ष पाँच में शामिल **नहीं** है?

(a) केरल

(b) पंजाब

(c) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

(d) चंडीगढ़

56. Manav is planning to visit all UNESCO World Heritage Sites in Delhi. He will be visiting

(a) Red Fort, Qutab Minar, Jama Masjid

(b) Red Fort, India Gate, Qutab Minar

(c) Red Fort, Qutab Minar, Humayun Tomb

(d) Red Fort, Humayun Tomb, India Gate

57. What will be the correct sequence of cities on the bank of river Ganga if someone moves from west to east?

(a) Prayagraj, Kanpur, Bhagalpur, Patna

(b) Prayagraj, Kanpur, Patna, Bhagalpur

(c) Kanpur, Prayagraj, Bhagalpur, Patna

(d) Kanpur, Prayagraj, Patna, Bhagalpur

58. Which one among the following States has the longest extension in north–south direction?

(a) Jharkhand

(b) Telangana

(c) Odisha

(d) Chhattisgarh

59. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List–I (Day)	*List–II (Date)*
A. World Wetlands Day	1. 29 July
B. International Tiger Day	2. 22 April
C. World Water Day	3. 2 February
D. International Mother Earth Day	4. 22 March

Code :

	A	B	C	D
(a)	3	4	1	2
(b)	3	1	4	2
(c)	2	1	4	3
(d)	2	4	1	3

60. Which one of the following States/UTs is ***not*** among the top five in the Performance Grading Index (PGI), published by the Ministry of Education for the year 2020–2021?

(a) Kerala

(b) Punjab

(c) NCT of Delhi

(d) Chandigarh

61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और अभिनेत्री को पहचानिए :

वे प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री, निर्देशक और निर्माता हैं तथा कुशल भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना हैं। 1992 में उन्हें पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया और वर्ष 1998 से लेकर वर्ष 2001 तक उन्होंने केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। भारतीय सिनेमा में उनके अनुकरणीय आजीवन योगदान को देखते हुए उन्हें प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

(a) वैजयंतीमाला

(b) वहीदा रहमान

(c) माला सिन्हा

(d) आशा पारेख

62. UN 2023 जल सम्मेलन का आयोजन-स्थल (venue) निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) वाशिंगटन, डी० सी०

(b) न्यूयार्क

(c) सैन डिएगो

(d) नई दिल्ली

63. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. गीतांजलि श्री द्वारा रचित *टॉम्ब ऑफ सैंड (Tomb of Sand)* अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाली मूल रूप से किसी भारतीय भाषा में लिखी गई पहली पुस्तक है।
2. *टॉम्ब ऑफ सैंड*, हिन्दी से अनूदित पहला उपन्यास है जिसे अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार प्रदान किया गया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

64. गरुड़ शक्ति अभ्यास का आठवाँ संस्करण, जो कि द्विपक्षीय सैन्य-से-सैन्य अभ्यास (bilateral military-to-military exercise) है, अभी हाल ही में भारत और निम्नलिखित में से किस देश के विशेष बलों के बीच किया गया?

(a) जापान

(b) इंडोनेशिया

(c) भूटान

(d) म्यांमार

65. मुद्रास्फीति रोकने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित में से किस उपाय का प्रयोग किया जा सकता है?

(a) रक्षा, पुलिस आदि पर योजनेतर व्यय बढ़ाना

(b) निर्यात पर अधिक सहायिकी (subsidy) प्रदान करना

(c) बचत और सावधि जमा पर ब्याज दर में वृद्धि करना

(d) आरक्षित नकदी निधि अनुपात (CRR) में कमी करना

61. Consider the following statements and identify the actress :

She is a renowned film actress, director and producer, and an accomplished Indian classical dancer. She was conferred the Padma Shri in 1992 and has served as the Head of Central Board for Film Certification from 1998 to 2001. In recognition to her exemplary lifetime contribution to Indian Cinema, she was honoured with the prestigious Dadasaheb Phalke Award.

(a) Vyjayanthimala

(b) Waheeda Rehman

(c) Mala Sinha

(d) Asha Parekh

62. Which one of the following is the venue of the UN 2023 Water Conference?

(a) Washington, DC

(b) New York

(c) San Diego

(d) New Delhi

63. Which of the following statements is/are correct?

1. *Tomb of Sand*, written by Geetanjali Shree, is the first book originally written in any Indian language to win the International Booker Prize.
2. *Tomb of Sand* is the first novel translated from Hindi to be given the International Booker Prize.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

